# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 507 वर्ष 40

राँची, 31 अगस्त, 2016


## "स्वतंत्रता दिवस समारोह" हर्षोल्लास के साथ संपन्न"



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस सीसीएल मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महात्मा गांधी क्रीडांगण, गांधीनगर में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह सीसीएल ने सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डीएवी एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। अवसर विशेष पर आर्मी बैन्ड के जवानों ने देशभक्ति से ओत–प्रोत आकर्षक धुन बजाई तथा स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक(योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता प्रसाद, डीआइजी सीआईएसएफ श्री नन्दन, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



सीएमडी श्री गोपाल सिंह महात्मा गाँधी क्रीड़ागण, गाँधीनगर में सभा को संबोधित करते हुए

अपने संबोधन में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से प्रगति के पथ पर तेजी से कदम बढ़ाये हैं। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल का यथासंभव प्रयास रहा है कि हम ज्यादा से ज्यादा युवाओं और युवतियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दें ताकि उन्हें रोजगार मिले या स्वरोजगार कर सकें। इस उद्देश्य से पिछले 3–4 वर्षों में सीसीएल ने अनेकों योजनाओं को कार्यान्वित किया है। जैसे : सीसीएल के लाल, सीसीएल की लाडली, आईटीआई भुरकुण्डा, मल्टी स्किल डेवलेपमेंट सेंटर बरकाकाना, माईनिंग सरदार प्रशिक्षण, चलो स्कूल चलें, खेल–गांव, चक दे झारखंड, दिव्यांग सेंटर, टेलरिंग प्रशिक्षण, पहल, पिपरवार में ग्रामीण बच्चों के लिए विद्यालय, सेकेंडरी एजुकेशन आदि जो निःशुल्क है। इनकी विस्तृत जानकारी अभिभावक एवं बच्चे सीसीएल के वेबसाइट www.centralcoalfields.in पर देख सकते हैं।

श्री सिंह ने इस अवसर पर सीसीएल द्वारा शुरू की जा रही विभिन्न नई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सीसीएल रांची में कायाकल्प अकादमी फॉर एम्प्लायमेंट शुरू करने जा रही है। इस अकादमी में ओल्ड एज होम, अनाथालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र बनाने की भी योजना है जिससे चरणबद्ध तरीके से मूर्त रूप दिया जायेगा।

श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल ने वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में उत्पादन में दस प्रतिशत से ज्यादा का ग्रोथ हासिल किया है जो सीसीएल के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

सीसीएल को जीरो ग्रिवान्स कंपनी बनाने की तरफ कदम उठाते हुए श्री सिंह ने बताया कि सीसीएल ने ट्विटर एकाउंट खोला है जिससे लोग अपनी समस्याओं को ट्विटर पर दर्ज कर सकते हैं।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं तथा अन्य सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री महापात्र गांधीनगर अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयों का वितरण किया। सीसीएल के राजेन्द्र नगर कॉलोनी तथा जवाहर नगर कॉलोनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर "क्रॉस कंट्री रेस"



सीएमडी श्री गोपाल सिंह प्रतिभागी खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रेस की शुरूआत करते हुए

विगत 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) द्वारा होटवार, खेलगांव में "क्रास कंट्री रेस" जिसमें लड़कों के वर्ग में 4 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर तथा लड़कियों के वर्ग में 3 किलोमीटर एवं 6 किलोमीटर के रेस का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जेएसएसपीएस द्वारा चयनित खिलाड़ियों तथा भारतीय खेल प्राधिकरण, रांची, डीएवी, गांधीनगर के बच्चों तथा रांची के आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी वर्गों की दौड़ की शुरूआत सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर प्रारंभ की।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय खेल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी विजयी बच्चों को बधाई दी एवं निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने रियो ओलंपिक के मेडेलिस्ट पी वी सिन्धु और साक्षी मलिक को मिल रही शोहरत से अभिप्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## अंगदान महादान – सीएमडी

मुख्यालय के "विचार मंच" में विगत 16 एवं 17 अगस्त को "अंगदान जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक(कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चिन्मय मिशन के स्वामी माधवानंदजी महाराज तथा श्री पवन कुमार मंत्री भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वेच्छा से अंगदान करना हम सभी का कर्तव्य है, जरूरत है लोगों को सही ढंग से जागरूक करना। सीसीएल में कुल 900 लोगों ने अंगदान किया है और यह प्रक्रिया जारी है। श्री सिंह ने अंगदान के साथ–साथ रक्त–दान करने के लिए भी उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने माननीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल जी के संदेश को भी सबके समक्ष पढ़कर सुनाया और उनके द्वारा किए गए अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों का स्पष्टीकरण देते हुए इस महान कार्य के प्रति जागरूक किया। सीएमएस डॉ. नंदिता अग्रवाल, डॉ. पी के गुप्ता ने अंगदान के प्रति विभिन्न तरह की जानकारियां लोगों को दी और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।




सीएमडी श्री गोपाल सिंह सभा को सम्बोधित करते हुए

स्वेच्छा से अंगदान करने हेतु वेबसाईट www.centralcoalfields.in पर या सीधे समाधान केन्द्र के टॉल फ्री नं. 18003456501 पर सम्पर्क करें।

## "विश्व आदिवासी दिवस" का आयोजन



मुख्य अतिथि श्री आर.एस. महापात्र विश्व आदिवासी दिवस समारोह में अतिथियों के साथ

विगत 09 अगस्त को "विचार मंच" में "विश्व आदिवासी दिवस" समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक(कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्प तथा माल्यार्पण कर विश्व आदिवासी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सुश्री सोनल मिंज, श्री अभय एक्का और झारखंड रणजी टीम के सदस्य क्रिकेटर प्रकाश मुण्डा के पिता श्री पी मुण्डा एवं माता श्रीमती वीणा मुण्डा और महाप्रबंधक(कल्याण) श्री वी.एन. प्रसाद उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री महापात्र ने अपने संबोधन में सभी को इस अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का मुख्य उद्देश्य हमारी संस्कृति, परंपरा एवं कला को संजो कर रखते हुए उसे आगे बढ़ाना है।


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)